RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

रखें कार के साथ अब, किश्ती एक जनाब।
जानें सड़कें कब कहां, बन जायें तालाब।
बन जायें तालाब, न जाने कब ये सड़कें।
मानसून आ गया, नित्य हैं बादल कड़कें।
कह साहिल कविराय, तरीका जांचा-परखा।
पल में जल-थल करे, बरसती जब भी बरखा।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 171 | TUESDAY DATE 14-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें


### मोदी ने भौतिकी ओलंपियाड जीतने वाले भारतीय विद्यार्थियों को बधाई दी

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलंबिया के बुकारामंगा में आयोजित 56वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय दल के विद्यार्थियों कनिष्क जैन, रिद्धेश अनंत बेंडाले, ऋषित गर्ग, श्रेष्ठ सुरैया और स्वरित जोशी को बधाई दी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि देश की युवा शक्ति की असीमित क्षमता और विज्ञान एवं अनुसंधान के प्रति उनके जुनून का एक और उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय छात्रों ने ओलंपियाड के विभिन्न संस्करणों में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया पर कहा , ' हमारे युवाओं का शानदार प्रदर्शन! कोलंबिया के बुकारामंगा में आयोजित 56वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2026 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए कनिष्क जैन, रिद्धेश अनंत बेंडाले, ऋषित गर्ग, श्रेष्ठ सुरैया और स्वरित जोशी के भारतीय दल को हार्दिक बधाई।

### भाजपा अदालतों के जरिए राजनीतिक लड़ाइयाँ लड़ती है: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि वह राजनीतिक लड़ाई राजनीतिक तरीके से लड़ने की बजाय अदालतों के जरिये लड़ना पसंद करती है। श्री अब्दुल्ला ने भाजपा की ओर से भेजे गये कानूनी नोटिस का जवाब दिया। भाजपा ने यह नोटिस नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों को पैसे और मंत्री पद का लालच देकर भाजपा में शामिल करने की कोशिश के आरोप पर श्री अब्दुल्ला को भेजा था। श्री उमर ने कहा कि यह नोटिस उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि उन्हें कानूनी नोटिस की सिर्फ. इलेक्ट्रॉनिक कॉपी मिली है। उन्होंने इसे भाजपा की तरफ से आया प्रेम पत्र बताया। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं इसे बहुत बड़ा सम्मान मानता हूँ क्योंकि जम्मू-कश्मीर में मैं अकेला ऐसा राजनेता हूँ जिसे भाजपा से ऐसा 'लव लेटर' मिला है।

## इलाज के साथ रोकथाम पर भी सरकार का जोर, स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा भारत : राजनाथ सिंह



**» लखनऊ, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के दीक्षांत समारोह में कहा कि सरकार का ध्यान केवल बीमारियों के इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी रोकथाम पर भी समान रूप से केंद्रित है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था अधिक आत्मनिर्भर, सुलभ, किफायती, आधुनिक और जन-केंद्रित बनी है तथा चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक बदलाव आया है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब उनकी संख्या बढ़कर 81 हो गई है। इसके अलावा प्रदेश में दो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भी संचालित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब 'हर जिले में मेडिकल कॉलेज' की अवधारणा से भी आगे बढ़ चुका है। रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तभी बेहतर हो सकती है, जब पर्याप्त संख्या में डॉक्टर और विशेषज्ञ उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य से सरकार ने चिकित्सा शिक्षा का बड़े पैमाने पर विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि भारत आज जीन चिकित्सा, परमाणु चिकित्सा और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी वैश्विक चुनौतियों के स्वदेशी समाधान विकसित कर रहा है।

# दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

## रेखा गुप्ता ने मॉडल टाउन में किया पौधरोपण



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को शहर में बड़े पैमाने पर चल रहे पौधरोपण अभियान के तहत मॉडल टाउन इलाके में एक पौधा लगाकर 70 लाख पौधे लगाने के महत्वाकांक्षी अभियान में हिस्सा लिया। इस अभियान का मकसद राष्ट्रीय राजधानी में हरियाली का दायरा बढ़ाना है।

दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे इस पौधरोपण अभियान का मकसद लोगों की सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस अभियान की शुरूआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 7 जुलाई को की थी और इसमें सरकारी विभागों, नागरिक संस्थाओं, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया है।

पौधा लगाने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार 'मास प्लांटेशन ड्राइव' के तहत पूरे शहर में पौधरोपण कार्यक्रम चला रही है और लोगों को इस पहल में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने कहा, 'मास प्लांटेशन ड्राइव के तहत दिल्ली भर में लगातार पौधरोपण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 7 जुलाई को इस अभियान की शुरूआत की थी। दिल्ली सरकार ने एक खास पोर्टल के जरिए लोगों से भागीदारी की अपील की, जहां लोग पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेने के लिए समय चुन सकते थे। इसके बाद नागरिक तय जगहों पर गए और पौधे लगाने में सक्रिय रूप से शामिल हुए।' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल का मकसद नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण में सीधे योगदान करने का मौका देकर पौधारोपण को एक जन आंदोलन बनाना है। सरकार ने लोगों को ऑनलाइन पोर्टल के जरिए रजिस्टर करने और शहरभर में तय जगहों पर पौधरोपण गतिविधियों के लिए अपनी सुविधा के अनुसार समय चुनने की सुविधा देकर लोगों की भागीदारी को आसान बनाया है।

70 लाख पौधे लगाने का यह अभियान दिल्ली की हवा की गुणवत्ता सुधारने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण की स्थिरता को बढ़ावा देने की व्यापक कोशिशों का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग सरकारी संस्थाओं और वॉलंटियर्स की मदद से पार्कों, संस्थानों के कैंपस, सड़क किनारे बनी ग्रीन बेल्ट और दूसरी चिन्हित जगहों पर पौधे लगाए जा रहे हैं। इस अभियान को स्थानीय समुदायों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का भी समर्थन मिला है, और बड़ी संख्या में नागरिक पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर रहे हैं। इससे पहले रविवार को नई दिल्ली नगर परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत गोल मार्केट में बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान का नेतृत्व किया। चहल ने कहा कि इस अभियान का मकसद जनभागीदारी के जरिए पर्यावरण संरक्षण को एक जन-आंदोलन में बदलना है। इस कार्यक्रम के दौरान चहल ने 'गुड गवर्नेंस एट योर डोरस्टेप' पहल के तहत रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों से भी बातचीत की। उन्होंने नागरिकों की नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इनका जल्द और तय समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें।

### असम में कैंसर से बचने की दर 62 प्रतिशत तक पहुंची, राष्ट्रीय औसत से ज्यादा : सीएम हिमंता सरमा

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को जानकारी दी कि राज्य के तीन-स्तरीय कैंसर देखभाल कार्यक्रम से कैंसर के इलाज के नतीजों में काफी सुधार हुआ है।इससे जीवित रहने की दर 62 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि को शेयर करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के इंटीग्रेटेड कैंसर केयर मॉडल के तहत समय पर स्क्रीनिंग, शुरूआती पहचान और तुरंत इलाज की वजह से सर्वाइवल रेट (जीवित रहने की दर) में सुधार हुआ है। सीएम सरमा ने कहा, 'हमारा 3-स्तरीय कैंसर केयर प्रोग्राम बहुत अच्छे नतीजे दे रहा है। समय पर जांच, पहचान और इलाज की वजह से हमारा सर्वाइवल रेट 62 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा है।'

### उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय सड़क संपर्क विकसित करना हमारी प्राथमिकता: नितिन गडकरी

**लखनऊ, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं सड़क अवसंरचना से जुड़ी प्रमुख परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सीएम योगी ने कहा कि आधुनिक सड़क अवसंरचना विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला है और इसके माध्यम से निवेश, उद्योग, कृषि, पर्यटन, व्यापार तथा रोजगार को नई गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख इंजन बनकर उभरा है, इसलिए राज्य में विश्वस्तरीय सड़क संपर्क विकसित करना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### मानसून सत्र में सकारात्मक विपक्ष की जरूरत, राहुल गांधी कांग्रेस के पतन का कारण : प्रवीण खंडेलवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने मानसून सत्र और राम मंदिर चढ़ावा विवाद जैसे कई मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने मानसून सत्र में सकारात्मक विपक्ष की आवश्यकता है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा राहुल गांधी की वजह से पार्टी का पतन हो रहा है। संसद के मानसून सत्र से पहले केंद्र सरकार ने 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।बैठक में सरकार विधायी एजेंडे पर चर्चा करेगी जबकि विपक्ष कई अहम मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार का प्रयत्न रहता है कि संसद सत्र में विधायी कामकाज हो।

## गड्ढों से पटी हैं दिल्ली की सड़कें, सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित हैं सरकार: डॉ. नरेश कुमार

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

दिल्ली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने राजधानी की बदहाली को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सोमवार को यह समझना मुश्किल हो गया है कि यहां की सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़कें हैं।

डॉ. नरेश कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि 24 जून को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दावा किया था कि पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर 3,400 से अधिक गड्ढे भर दिए गये हैं, लेकिन राजधानी की मौजूदा स्थिति इस दावे की पोल खोल रही है।

यहां पर ऐसी सड़क ढूंढना, जिस पर गड्ढे न हों, अपने आप में एक आश्चर्य की बात है।

उन्होंने कहा कि वह खुद हाल ही में नजफगढ़ से मित्राऊ गाँव तक लगभग पाँच किलोमीटर के मार्ग से होकर गुजरे, जहां पूरी



सड़क पर सैकड़ों गड्ढे दिखाई दिये।

उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद पीडब्ल्यूडी की सड़कों की हालत बेहद खराब है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार समय-समय पर सड़कों की मरम्मत और सुधार के बड़े-बड़े दावे करती रही है। नौ अप्रैल 2025 को सरकार ने 600 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत की घोषणा की थी।

## अपराधियों के लिए यूपी में जगह नहीं, करें सख्त कार्रवाई: योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए हर फरियादी से मुलाकात की, उनकी शिकायत सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। अवैध कब्जे से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायत मिलने पर ऐसे मामलों की सख्ती से जांचकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। धमकी के मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के लिए यूपी में कोई जगह नहीं है, पुलिस ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री योगी के समक्ष अवैध कब्जे से जुड़े मामले आये। पीड़ितों ने आरोपियों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने



फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर शासन के अधिकारियों को प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अवैध कब्जा करने व धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही अपराध व कब्जे से जुड़े मामलों की विवेचना में तेजी कर पीड़ितों को ससमय न्याय और दोषियों को दंड दिलाया जाय। गाजियाबाद, मेरठ व नोएडा से जुड़े एक बिल्डर की शिकायत भी 'जनता दर्शन' के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंची। पीड़ितों ने बताया कि बिल्डर ने एक ही फ्लैट कई लोगों को रजिस्ट्री कर दिया है।इस पर मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लिया और कहा कि जांच में बिल्डर के दोषी मिलने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रेटर नोएडा में स्कॉर्पियो के अंदर युवक का शव मिलने से सनसनी, पास में पड़ा था तमंचा

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** गौतमबुद्ध नगर के सूरजपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब डेल्टा-3 ओ ब्लॉक की सर्विस रोड पर खड़ी एक स्कॉर्पियो एन कार के अंदर एक युवक का खून से लथपथ शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, फोरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में कार के अंदर से एक तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 12 जुलाई की रात थाना सूरजपुर क्षेत्र में स्थानीय पुलिस की लेपर्ड टीम नियमित गश्त पर थी। गश्त के दौरान टीम साईं मंदिर गोल चक्कर से डेल्टा-3 ओ ब्लॉक तिराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान सर्विस रोड किनारे एक स्कॉर्पियो एन कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। कार की पिछली और आगे की लाइटें जल रही थीं, जिससे पुलिसकर्मियों को संदेह हुआ।

### 2.30 करोड़ रुपए का गांजा बरामद, अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** दिल्ली पुलिस की आउटर डिस्ट्रिक्ट एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 765.6 किलोग्राम गांजा, चार लाख रुपए नकद, 126 ग्राम सोने के आभूषण और अपराध में इस्तेमाल किए गए आठ मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2.30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई केंद्र सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत चलाए जा रहे विशेष ऑपरेशन के दौरान की गई। 20 जून 2026 को आउटर डिस्ट्रिक्ट की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में गांजा लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंधु के नेतृत्व में और एसीपी (ऑपरेशंस) की निगरानी में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने दिल्ली के पीतमपुरा स्थित मधुबन चौक के पास छापा मारकर अशोक कुमार (40) को गिरफ्तार किया। उसके पास मौजूद दो बैगों की तलाशी में फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम की मौजूदगी में 22.610 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद रानी बाग थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(सी) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि अशोक कुमार पहले भी 285 किलोग्राम गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

# डीएम कार्यालय को ई-मेल से बम की धमकी, घंटों चली सघन जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 13 जुलाई ।

गौतमबुद्धनगर के जिला अधिकारी (डीएम) कार्यालय को सोमवार (13 जुलाई 2026) को ई-मेल के माध्यम से बम होने की धमकी मिलने से प्रशासनिक महकमे में कुछ समय के लिए सतर्कता बढ़ गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड), फायर ब्रिगेड, एंटी सबोटाज (ए.एस.) चेकिंग टीम तथा डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंच गए और पूरे परिसर की गहन तलाशी शुरू कर दी गई।



पुलिस के अनुसार, ई-मेल के जरिए मिली धमकी को गंभीरता से लेते हुए थाना सूरजपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। डीएम कार्यालय के भीतर और आसपास के सभी महत्वपूर्ण हिस्सों की बारीकी से जांच की गई। सुरक्षा एजेंसियों ने भवन के प्रत्येक फ्लोर, कार्यालय कक्षों, पार्किंग क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते समाप्त किया जा सके। जांच के दौरान बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वायड और डॉग स्क्वाड ने आधुनिक उपकरणों की मदद से पूरे परिसर की तलाशी ली। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम को भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मौके पर तैनात रखा गया। अधिकारियों ने बताया कि अब तक की जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है और न ही किसी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति सामने आई है। पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है तथा डीएम कार्यालय परिसर में शांति व्यवस्था कायम है।

हालांकि, एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है तथा परिसर में लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही धमकी भरे ई-मेल की सत्यता और उसके स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है। तकनीकी विशेषज्ञ ई-मेल की विस्तृत जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि संदेश किस स्थान और किस माध्यम से भेजा गया।

पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि इस प्रकार की अफवाहों या अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन का कहना है कि जनता को घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सभी सुरक्षा उपाय लागू कर दिए गए हैं और स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है।

# किसान प्रतिनिधिमंडल ने जलकर नष्ट हुई गेहूं की फसल के मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा, ज्ञापन

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 13 जुलाई । गांव बुआना लाखु अप्रैल महीने में गेहूं की सैकड़ों एकड़ फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई थी। जिसका आर्थिक मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।

इसी संदर्भ में संयुक्त किसान मोर्चा एवं अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त पानीपत को लिखित पत्र देते हुए मांग की की किसानों को कई महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक आर्थिक मुआवजा नहीं मिला है। किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन की तरफ से आगजनी की घटना के बाद किसानों की आज में जली फसल सैकड़ो एकड़ जमीन की गिरदावरी करवाई गई। एसडीएम इसराना के नेतृत्व में रिपोर्ट तैयार की गई जिसमें किसानों को आर्थिक मुआवजा की बात की गई थी। लेकिन जुलाई महीना लग चुका है अभी तक किसी किसान को




आर्थिक मुआवजा नहीं मिला है। अगली फसल की बिजाई भी लगभग पूरी होने को है। गेहूं की फसल के अलावा अन्य फसल एवं ट्यूबल, पशु चारा भी साथ जलकर नष्ट हो गया था। इसलिए गेहूं के अलावा अन्य जो भी किसने की फसल एवं अन्य सामान का नुकसान हुआ है उसकी आर्थिक रूप से मुआवजा देकर तुरंत भरपाई की जाए। प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त किसान मोर्चा जिला सह संयोजकअखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल गाहल्याण, उप प्रधान दिलावर सिंह राठी शामिल हुए।

## फ्लैट बेचने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी, रिपोर्ट

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** राजनगर एक्सटेंशन में एक बिल्डर पर फ्लैट बेचने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगा है। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली मंडावली निवासी अनिवरुद्ध पसबोला ने बताया कि उन्होंने एक बिल्डर का विज्ञापन देखा था। उस आधार पर वह बिल्डर के कार्यालय पर गए। वहां उनको कुछ कर्मचारी मिले। उन्होंने साइट दिखा दी। लोकेशन तय करने के बाद उन्होंने दो कमरों का फ्लैट बुक करने का मन बना लिया और बिल्डर के कार्यालय में एक लाख रुपये जमा कर दिए। शेष राशि उनको अगले दिन जमा करनी थी। इसी दौरान उनको पता चला कि बिल्डर ने उनको जो प्रोजेक्ट दिखाया है, वह उनका नहीं है। न ही जमीन का स्वामित्व बिल्डर के पास है। इसके बाद उन्होंने रेरा की साइट पर भी इसकी जांच की। तब पूरी स्थिति स्पष्ट हो गई। इसके बाद उन्होंने बिल्डर से अपने पैसे की मांग की, लेकिन उसने पैसा लौटाने से मना कर दिया।

## उमस ने बढ़ाई बेचैनी, अभी तीन दिन बारिश के आसार नहीं

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** जिले में रविवार को उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। सूरज की तपिश पहले की अपेक्षा कुछ कम रही, लेकिन हवा की धीमी रफ्तार और वातावरण में अधिक नमी के कारण लोगों को राहत नहीं मिल सकी। लोगों को चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग बार-बार छांव और पानी का सहारा लेते नजर आए। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वातावरण में नमी का स्तर 78 प्रतिशत रहने से गर्मी का असर और अधिक महसूस हुआ। सुबह से शुरू हुई उमस शाम तक बनी रही। रात में भी मौसम में खास बदलाव नहीं आया, जिससे लोगों को बेचैनी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि अगले तीन दिनों तक जिले में बारिश की संभावना नहीं है।

## रेलवे ट्रैक, रेलगाड़ी के ट्रायल, टिकटघर, सीटिंग व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं पूरी : सुभाष सुधा



**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में बनकर तैयार हुए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक और आधुनिक रेलवे स्टेशन का 17 जुलाई को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। स्टेशन भवन को कुरुक्षेत्र की धार्मिक विरासत के अनुसार बनाया गया है। यह कुरुक्षेत्र वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र को एलिवेटेड रेलवे ट्रैक व स्टेशन की सौगात मिल रही है। यह एलिवेटेड ट्रैक न सिर्फ ट्रैफिक समस्या हल करेगा बल्कि शहर की सूरत भी बदलेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को थानेसर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक व नए स्टेशन भवन का विस्तृत निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने रेलवे ट्रैक, रेलगाड़ी के ट्रायल, टिकटघर, सीटिंग व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि शहर के बीच से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक को एलिवेटेड किया गया है। इससे 5 बड़े फाटकों पर लगने वाले जाम से हमेशा के लिए छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नई लाइन पर रेलगाड़ी का ट्रायल सफलतापूर्वक हो चुका है। ट्रैक पूरी तरह सुरक्षित है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने ली, वीडियो कांफ्रेंस

17 जुलाई को जीन्द में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रहेगा दौरा

जिला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का रहेगा लाईव टैलिकास्ट

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 13 जुलाई । 17 जुलाई को जीन्द में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कार्यक्रम के प्रबंधन और अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए प्रदेश के सभी उपायुक्तों से बात की और जिला में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी विशेष दिशानिर्देश दिए।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को जानकारी देते हुए बताया कि जिला




स्तरीय कार्यक्रम आर्य कॉलेज के सभागार में आयोजित किए जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी प्रधानमंत्री आवास योजना, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर और हैप्पी कार्ड के लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी लाभार्थी ई-रिक्शा या ई-वाहन से पहुंचेंगे। कार्यक्रम में कोई भी पैट्रोल या डीजल का वाहन उपायोग में नहीं लाया जाएगा। मुख्य सचिव ने उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम के इंतजामों को लेकर उनकी खुले मन से प्रशंसा भी की।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी भी इस कार्यक्रम में आने के लिए, अपने पैट्रोल और डीजल के वाहनों का उपयोग नहीं करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इंधन बचाने की मुहिम के साथ जुडना भी है।

प्रधानमंत्री की अपील पर हम सबको इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। बैठक में सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह, पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार, सीएमओ डॉ. विजय मलिक सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नहाते समय यमुना नदी के तेज बहाव में बहे चार बच्चे, अब तक कोई सुराग नहीं

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के अलीपुर पुलिस स्टेशन इलाके में हिरंकी गांव के पास ठोकर नंबर 24 के निकट यमुना नदी में नहाते समय चार नाबालिग लड़के तेज बहाव में बह गए। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, दिल्ली फायर सर्विस, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया। रविवार को कई घंटों तक व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। अंधेरे के कारण कम विजिबिलिटी की वजह से सर्च ऑपरेशन रात करीब 10:30 बजे रोक दिया गया था। पुलिस के मुताबिक, रविवार शाम लगभग 07:46 बजे चार लड़कों की यमुना में डूबने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। घटना स्थल पर पहुंचने पर पता चला कि पांच नाबालिग लड़के यमुना नदी में नहाने के लिए ठोकर नंबर 24 पर गए थे। नदी में तेज बहाव के कारण चार बच्चे, राहुल (15), अंशु (15), सौरभ (15) और अमनदीप (15), गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में फंसकर डूबने लगे। बहाव इतना तेज था कि वह नदी में डूबते ही चले गए। पांचवां बच्चा लकी (14), जो किनारे पर था, उसने शोर मचाया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने बच्चों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक चारों बच्चे पानी में समा चुके थे। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, डीडीएमए, दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस हादसे के दूसरे दिन भी बच्चों की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं है। अलीपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# 17 जुलाई को कुरुक्षेत्र के विकास के नये युग का श्रीगणेश होगा : सुभाष सुधा

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 13 जुलाई । हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि 17 जुलाई को प्रदेश के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के विकास के नये युग का श्रीगणेश होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जींद से देश की पहली हाईड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र को एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व स्टेशन का उद्घाटन व सिख म्यूजियम का शिलान्यास करेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में होने वाले कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं, पार्षदों व गणमान्य नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई जींद के साथ-साथ हरियाणा के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी एकलव्य स्टेडियम के सामने ग्राउंड में इसी दिन विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे और वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारम्भ भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भिवानी कुरुक्षेत्र के एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व स्टेशन का शुभारम्भ करेंगे। इस ट्रैक के बनने से क्षेत्र वासियों को पांच रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। इसके अलावा अत्याधुनिक सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी करेंगे।

मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास से जींद 17 जुलाई को प्रदेश में नए विश्वास, विकास और भविष्य का संगम बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा हरियाणा में मजबूत आधारभूत ढांचा, औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के भी नए अवसर और विस्तार को बढ़ावा देगा। प्रदेश के लोगों को जहां परियोजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं और मजबूत कनेक्टिविटी की सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक कार्यक्रम में पैदल, साइकिल, इलेक्ट्रिक, सीएनजी वाहनों से पहुंचे। इससे तेल की बचत होने के साथ-साथ प्रदूषण भी कम होगा। इस मौके पर गौरव भट्ट प्रसाद, नरेंद्र शर्मा, मोहन लाल अरोड़ा, दुष्यंत बख्शी, कवि बजाज, विश्वकांत शर्मा, महेंद्र मेहता, पंकज खन्ना, दिलेर शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## स्वर्ण जयंती बिहार चोरी कांड का दूसरा आरोपी हिमांशु गौतम भी 2 लाख की नगदी के साथ गिरफ्तार

» सुनील बाजपेई/ कानपुर, यूटर्न/ 13 जुलाई ।

अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले सेन पश्चिम पारा थाने की स्वर्ण जयंती विहार चौकी पुलिस को लाखों की चोरी की घटना में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। अपराधियों के खिलाफ अपनी लगातार सक्रियता के फलस्वरूप इस दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने वाले चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि उसके पास से चोरी के 2 लाख की नकदी भी बरामद की गई है। लगातार कठोर परिश्रम और गहन छानबीन के फल स्वरुप इस दूसरे आरोपी को भी चोरी की दो लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार करने वाले चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि बीती 19 जून को स्वर्ण जयंती बिहार सेक्टर 7 के निवासी हेमलता वर्मा के बंद मकान में चोरी करने वाले टक्कल गैंग के सदस्य हिमांशु गौतम पुत्र विजय गौतम निवासी करराही रोड थाना बर्रा कानपुर नगर को 200000 (दो लाख रुपए) कैस एक तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए चर्चित चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पेशेवर अपराधी के विरुद्ध 12 मुकदमे कानपुर नगर के विभिन्न थानों में दर्ज है। याद रहे कि उसके साथी अंशु पासी बीती 3.जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जिसके कब्जे से एक लाख की नकदी व लगभग 632 ग्राम जेवर भी बरामद हुए थे।

# बालसमंद तहसील की 71 प्रतिभाओं को मिला 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस'

## राह ग्रुप फाउंडेशन ने बालसमंद, बासड़ा, बुड़ाक व सरसाना के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित





## उच्च शिक्षा, कोचिंग एवं पुस्तकों के लिए आर्थिक व तकनीकी सहयोग का भी किया ऐलान

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 13 जुलाई । राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा गांव बालसमंद में आयोजित तहसील स्तरीय अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस प्रतिभा सम्मान समारोह में बालसमंद, बासड़ा, बुड़ाक एवं सरसाना के शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 71 होनहार विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में राह ग्रुप फाउंडेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश सेलपाड़ तथा एजुकेशन विंग प्रभारी कैप्टन भीम सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा, मेहनत और क्षमता की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन, बेहतर अवसर और सशक्त मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि राह ग्रुप फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा उनकी उपलब्धियों को सार्वजनिक मंच पर सम्मान देकर अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाना है। उन्होंने घोषणा की कि राह ग्रुप फाउंडेशन बालसमंद क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, पुस्तकें तथा आवश्यकतानुसार आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध करवाएगा, ताकि आर्थिक अभाव किसी भी विद्यार्थी की प्रतिभा के आड़े न आए। इस दौरान राह संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि संस्था का यह अभियान केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का जनआंदोलन बनेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संस्था प्रदेशभर में विद्यार्थियों, युवाओं एवं सामाजिक प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। इस दौरान जिला सैन सभा के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सरसाना, समाजसेवी कुलदीप सिंह सदलपुर, राह ग्रुप फाउंडेशन हिसार इकाई के प्रधान सूर्यकांत शर्मा, सांस्कृतिक मामलों की प्रभारी कविता लौरा (बालसमंद), इवेंट कॉर्डिनेटर वंदना वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### धर्मशालाएं बनें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र

अपने संबोधन में नरेश सेलपाड़ ने कहा कि राह ग्रुप फाउंडेशन का लक्ष्य प्रदेशभर की सैन एवं अन्य समाजों की धर्मशालाओं को केवल धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों तक सीमित न रखकर उन्हें आधुनिक पुस्तकालय, डिजिटल लर्निंग सेंटर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि संस्था समाज का एक व्यापक डिजिटल डेटाबेस भी तैयार करेगी, जिसके माध्यम से रोजगार, छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण, रक्तदान, सामाजिक सहायता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएंगी।




# ओआरसी सैनिक एकेडमी में नए शैक्षणिक सत्र का भव्य आगाज, गर्मजोशी से हुआ छात्रों का स्वागत

» हरियाणा, यूटर्न/ 13 जुलाई ।

ओआरसी सैनिक एकेडमी। गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद सोमवार को ओआरसी सैनिक एकेडमी का परिसर एक बार फिर विद्यार्थियों की चहल-पहल से गुलजार हो उठा। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर एकेडमी प्रबंधन एवं शिक्षकों ने छात्रों का गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया।

नए सत्र की शुरूआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों का प्रेरणादायक वातावरण में स्वागत किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक रणजीत रंजन झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, 'हर नया सत्र नई उम्मीदें, नए संकल्पों और नई उपलब्धियों का अवसर लेकर आता है। अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति एक सच्चे सैनिक की पहचान हैं।

हमें विश्वास है कि हमारे छात्र इस वर्ष भी शिक्षा, खेलकूद और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।' विद्यालय परिसर को आकर्षक स्वागत बैनरों और रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। छुट्टियों के बाद अपने मित्रों और शिक्षकों से मिलकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था।

पूरे परिसर में सकारात्मक और उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। एकेडमी के निदेशक रणजीत रंजन झा ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शारीरिक प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता और मानसिक दृढ़ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे भविष्य में देश की सेवा के लिए सक्षम, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

स्वागत समारोह के उपरांत सभी विद्यार्थियों ने नई ऊर्जा, नए उत्साह और सीखने के जज्बे के साथ अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रवेश किया। नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# नगर पालिका असंध बना भ्रष्टाचार का अड्डा: जयदीप

» हरियाणा, यूटर्न/ 13 जुलाई ।

असंध की शांति नगर व दशमेश कॉलोनी की बदहाल सड़कें बनीं अभिशाप, नगर पालिका पर विकास कार्य लटकाने के आरोप

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधायक योगेंद्र राणा से कॉलोनीवासियों की गुहारकृतुरंत जारी हो कार्य आदेश, दोषी अधिकारियों पर हो सख्त कार्रवाई असंध, 13 जुलाई, हरीश मदानः असंध के वार्ड नंबर-14 स्थित सफीदों मार्ग पर बसी शांति नगर एवं दशमेश कॉलोनी के निवासी लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं। दोनों स्वीकृत (अप्रूव्ड) कॉलोनियों के लोगों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन असंध उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। विकास कार्यों में लगातार हो रही देरी के कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी तथा विधायक योगेंद्र यादव योगी के प्रयासों से करीब दो माह पूर्व दोनों कॉलोनियों की गलियों को पक्का



करने के लिए लगभग छह करोड़ रुपये की राशि नगर पालिका असंध को स्वीकृत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, टेंडर खुल चुका है और उसका आवंटन भी कर दिया गया है। इसके बावजूद अब तक कार्य आदेश जारी नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

बरसात के मौसम में दोनों कॉलोनियों की कच्ची गलियां कीचड़ और जलभराव से भर जाती हैं। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौकरीपेशा लोगों तथा अन्य नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया और चारपहिया वाहन तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। कई बार लोग जरूरी कार्य होने के बावजूद घरों कैद होने को मजबूर हो जाते हैं।

# षडदर्शन साधुसमाज की आपातकालीन बैठक 15 जुलाई को शिव मन्दिर गांव धुराला में

» प्रमोद कौशिक

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 13 जुलाई । आगामी 15 जुलाई बुधवार को शिव मन्दिर कुरुक्षेत्र के गांव धुराला में षडदर्शन साधुसमाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी।

षडदर्शन साधुसमाज के संगठन महामंत्री संत सुनील दास, कुरुक्षेत्र अध्यक्ष महंत जनार्दन दास ने बताया कि गांव अढोनी शिव मन्दिर के महंत योगिराज गिरि को गांव के एक व्यक्ति जो धर्म बदल कर दरगाह पर रहता है और मन्दिर के अत्यंत वृद्ध महंत योगिराज गिरि पर जानलेवा हमला किया और टांगें तोड़ी। प्रशासन ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उस पर कारवाही की। संत समाज ने प्रशासन की तुरंत कार्यवाही को उचित ठहराया।




भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना ना हो इस संदर्भ को लेकर प्रातः 11 बजे सन्यासी प्रयागपुरी नागा बाबा आश्रम श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा शिव मन्दिर धुराला में बैठक आयोजित होगी जिसमें प्रदेश के संत महात्मा भाग लेंगे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# गठबंधन या अकेली लड़ाई, पंजाब अब भी बीजेपी की सबसे कठिन परीक्षा



संदीप शर्मा

राजनीति में अक्सर तेज़ी का फ़ायदा मिलता है, लेकिन पुरानी कड़वी यादों को याद रखने की आदत भी उतनी ही पक्की होती है। जैसे-जैसे BJP 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है—हरियाणा के विकास मॉडल को पेश कर रही है और शिरोमणि अकाली दल के साथ संभावित गठबंधन के विकल्प खुले रख रही है—उसे एक ऐसी राजनीतिक सच्चाई का सामना करना पड़ रहा है जिसे सिर्फ़ आंकड़ों के दम पर नहीं बदला जा सकता। कागज़ पर देखें तो BJP के पास उम्मीद करने की वजहें हैं। कांग्रेस गुटबाज़ी से जूझ रही है, आम आदमी पार्टी को दो कार्यकाल के बाद सत्ता-विरोधी लहर (anti-incumbency) का सामना करना पड़ सकता है, और अकाली दल अभी भी अपनी खोई हुई अहमियत वापस पाने की कोशिश कर रहा है। BJP-अकाली गठबंधन, कम से कम सैद्धांतिक रूप से, पारंपरिक हिंदू-सिख वोट बैंक को एकजुट कर सकता है, जबकि अकेले चुनाव लड़ने से BJP अपना स्वतंत्र आधार मज़बूत कर सकती है। फिरभी,पंजाबमेंशायदहीकभीसिर्फ़गणितकेआधारपरवोटिंगहुईहो। राज्य की राजनीति पर किसान आंदोलन की छाया अभी भी बनी हुई है। भले ही तीनों कृषि कानून वापस ले लिए गए हों, लेकिन विरोध प्रदर्शनों ने ग्रामीण पंजाब में राजनीतिक सोच को बदल दिया है। कई किसानों के लिए यह मुद्दा कानून का नहीं, बल्कि भरोसे का बन गया। BJP ने गांवों में अपनी पहुंच बढ़ाई है, लेकिन संगठनात्मक मौजूदगी को चुनावी स्वीकार्यता में बदलना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। अकाली दल के साथ गठबंधन शायद उन यादों को मिटा न पाए। कृषि कानूनों का शुरू में समर्थन करने और बाद में केंद्र से दूरी बनाने के कारण अकालियों को भी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी थी। BJP के लिए दूसरी चुनौती शहरी पंजाब में है, जो पारंपरिक रूप से उसका सबसे मज़बूत गढ़ रहा है। व्यापारी और कारोबारी लंबे समय से पार्टी को आर्थिक विकास के लिए स्वाभाविक पसंद मानते रहे हैं। फिर भी, राजनीति में धारणा (perception) उतनी ही अहम है जितनी कि नीतियां। एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) द्वारा AAP के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी ने राजनीतिक चर्चा का रुख बदल दिया है। हालांकि BJP को उम्मीद हो सकती है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से AAP को नुकसान होगा, लेकिन शहरी मतदाताओं की तरफ़ से कोई खास प्रतिक्रिया न मिलने से यह साफ़ नहीं होता कि वे BJP के साथ आ गए हैं। पंजाब की राजनीति क्षेत्रीय मुद्दों—जैसे खेती, संघवाद (federalism), सिख संस्थाएं, बेरोज़गारी, पलायन और वित्तीय दबाव—पर टिकी है। जो राष्ट्रीय नैरेटिव (मुद्दे) दूसरी जगहों पर काम करते हैं, वे अक्सर यहां सीमित चुनावी नतीजे ही दे पाए हैं। BJP के पास अपनी स्थिति सुधारने के लिए संगठन, नेतृत्व और समय है। वह अपना वोट शेयर बढ़ा सकती है और एक मज़बूत ताकत के तौर पर उभर सकती है। लेकिन उसे सत्ता में बदलना एक अलग चुनौती है। पंजाब के वोटरों ने स्थापित गठबंधनों को नकारकर और विकल्पों को अपनाकर राजनीतिक जानकारों को बार-बार चौंकाया है। इसलिए, बीजेपी के लिए असली चुनौती यह तय करना नहीं है कि वह अकाली दल के साथ मिलकर चुनाव लड़े या अकेले, बल्कि किसानों के आंदोलन के दौरान खोए हुए भरोसे को फिर से कायम करना है। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक चंडीगढ़ तक का रास्ता चुनावी गणित के हिसाब से जितना है, उससे कहीं ज़्यादा लंबा हो सकता है

# सुप्रीम कोर्ट की गरिमा और न्याय की संवेदना

**वास्तविकता यह है कि न्याय की तलाश में अदालत तक पहुंचने वाला प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी पीड़ा, संघर्ष या अन्याय का बोझ लेकर आता है। वर्षों तक मुकदमे लड़ने, आर्थिक बोझ उठाने और बार-बार अदालतों के चक्कर लगाने के बाद जब अपेक्षित परिणाम नहीं मिलता, तब कई लोग मानसिक रूप से टूट जाते हैं। यह टूटन कभी-कभी हताशा और असंतुलित व्यवहार के रूप में सामने आती है। इसका अर्थ यह नहीं कि ऐसे व्यवहार को उचित ठहराया जाए, बल्कि यह समझना आवश्यक है कि उसके पीछे पीड़ा और निराशा का एक लंबा इतिहास भी हो सकता है।**

कांतिलाल मांडोत

देश की सबसे बड़ी अदालत में मयार्दा भी सर्वोपरि और पीड़ित की पीड़ा को समझना भी उतना ही आवश्यक

देश की सर्वोच्च अदालत केवल एक न्यायिक संस्था नहीं है, बल्कि संविधान की आत्मा और लोकतंत्र की अंतिम आशा का केंद्र है। जब देश का कोई नागरिक हर स्तर पर न्याय की तलाश में असफल होकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है, तो उसके मन में यही विश्वास होता है कि यहां उसकी बात निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ सुनी जाएगी। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट की गरिमा, मयार्दा और प्रतिष्ठा पूरे न्यायिक तंत्र की आधारशिला मानी जाती है। अदालत की गरिमा बनाए रखना जितना न्यायाधीशों और न्यायिक कर्मचारियों का दायित्व है, उतना ही वहां उपस्थित प्रत्येक अधिवक्ता, याचिकाकर्ता और नागरिक का भी कर्तव्य है।



हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता वकील द्वारा न्यायाधीशों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करना, कागजात उछालना और मुख्य न्यायाधीश के लिए अपशब्द कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। किसी भी परिस्थिति में न्यायालय के भीतर इस प्रकार का व्यवहार स्वीकार्य नहीं कहा जा सकता। अदालत तर्क और कानून की भाषा समझती है, आक्रोश और अपमान की नहीं। यदि न्याय की लड़ाई लड़ने वाला स्वयं कानून और शिष्टाचार की सीमाएं लांघने लगे, तो न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास कमजोर होने का खतरा पैदा हो सकता है।

वकील केवल अपने मुवक्किल का प्रतिनिधि नहीं होता, बल्कि वह न्यायालय का भी अधिकारी माना जाता है। उसकी वाणी, उसका आचरण और उसका व्यवहार न्यायपालिका की गरिमा से जुड़ा होता है। इसलिए अधिवक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे कठिन से कठिन परिस्थिति में भी संयम बनाए रखें। असहमति व्यक्त करने का अधिकार सभी को है, लेकिन असहमति और अभद्रता के बीच एक स्पष्ट रेखा होती है। उस रेखा का सम्मान करना ही लोकतांत्रिक संस्कृति और न्यायिक परंपरा की पहचान है।

इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अदालत ने वकील की याचिका खारिज कर दी, लेकिन उसके खिलाफ अवमानना की कठोर कार्रवाई नहीं की। न्यायाधीशों ने यह भी कहा कि वह व्यक्ति संभवतः अत्यधिक तनाव और मानसिक दबाव में है तथा उसकी हताशा स्पष्ट दिखाई दे रही है। यह दृष्टिकोण न्यायपालिका की मानवीय संवेदना को भी सामने लाता है। कानून केवल दंड देने का माध्यम नहीं है, बल्कि परिस्थितियों को समझने और न्याय के व्यापक उद्देश्य को ध्यान में रखने की व्यवस्था भी है।

वास्तविकता यह है कि न्याय की तलाश में अदालत तक पहुंचने वाला प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी पीड़ा, संघर्ष या अन्याय का बोझ लेकर आता है। वर्षों तक मुकदमे लड़ने, आर्थिक बोझ उठाने और बार-बार अदालतों के चक्कर लगाने के बाद जब अपेक्षित परिणाम नहीं मिलता, तब कई लोग मानसिक रूप से टूट जाते हैं। यह टूटन कभी-कभी हताशा और असंतुलित व्यवहार के रूप में सामने आती है। इसका अर्थ यह नहीं कि ऐसे व्यवहार को उचित ठहराया जाए, बल्कि यह समझना आवश्यक है कि उसके पीछे पीड़ा और निराशा का एक लंबा इतिहास भी हो सकता है।

न्यायपालिका की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता के साथ-साथ उसकी संवेदनशीलता भी है। यदि कोई व्यक्ति अदालत में अत्यधिक तनावग्रस्त दिखाई देता है, तो उसके साथ कानून के अनुसार व्यवहार करते हुए उसकी मानसिक स्थिति को भी समझना चाहिए। न्याय केवल आदेश सुनाने से पूरा नहीं होता, बल्कि यह विश्वास भी पैदा करता है कि अदालत ने व्यक्ति की बात पूरी गंभीरता से सुनी और समझी। यही विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है। यह भी सच है कि न्याय में विलंब, लंबी कानूनी प्रक्रिया और बढ़ते मुकदमों का बोझ कई लोगों में निराशा पैदा करता है। ऐसे में न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ, सरल और समयबद्ध बनाने की दिशा में लगातार प्रयास आवश्यक हैं। जब लोगों को समय पर न्याय मिलेगा, तो निराशा और असंतोष की स्थितियां भी कम होंगी। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा नहीं, बल्कि समाज में विश्वास और संतुलन बनाए रखना भी है।

इस घटना ने एक और संदेश दिया है कि न्यायालय की गरिमा बनाए रखने में सभी की समान जिम्मेदारी है। यदि अदालत में अनुशासन समाप्त हो जाए, तो न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी और इसका नुकसान अंततः आम नागरिक को ही होगा। इसलिए चाहे वह वरिष्ठ अधिवक्ता हों, नए वकील हों या स्वयं पक्षकार, सभी को यह समझना होगा कि अदालत में शब्दों का चयन, व्यवहार की मयार्दा और कानून के प्रति सम्मान सर्वोपरि है।

दूसरी ओर न्यायपालिका की उदारता भी सराहनीय है। यदि अदालत चाहती तो अवमानना की कार्रवाई कर सकती थी, लेकिन उसने संयम दिखाया और कठोर दंड देने के बजाय मामले को वहीं समाप्त करना उचित समझा। यह निर्णय बताता है कि न्याय केवल शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विवेक, धैर्य और करुणा का संतुलित स्वरूप है। हालांकि इस उदारता का अर्थ यह नहीं लगाया जाना चाहिए कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अदालत की गरिमा को ठेस पहुंचाने का साहस करे। कानून का सम्मान हर परिस्थिति में अनिवार्य है।

# चिंतन-मननः दूसरों के दुख से अपना दुख ज्यादा बेहतर

एक कहावत है राजा दुखी, प्रजा दुखी सुखिया का दुख दुना। कहने का अर्थ यह है कि संसार में जिसे देखो वह अपने को दुखी ही कहेगा। राजा का अपना दुख है, प्रजा का अपना और जिसे आप सुखी माने बैठें हैं उससे पूछ कर देंखेंगे तो वह भी अपने दुखों की पोटरी खोलकर अपनी व्यथा गाने लगेगा। लेकिन अगर आपके पास यह विकल्प हो कि आप अपना दुख किसी और को देकर दूसरे का दुख खुद स्वीकार कर लें तब आप कहेंगे कि अपना ही दुख भला है। इस संदर्भ में एक कथा है कि किसी गांव में एक फकीर आये। उनकी विशेषता यह थी कि वे किसी की भी समस्या दूर कर देते थे। उनकी इस विशेषता के बारे जिसे भी पता चला, वह उनके पास दौड़ा आया। अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और लोग जल्दी से जल्दी अपनी समस्या फकीर को बताने की जुगत भिड़ाने लगे। नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें। कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी। तुम्हें लगता है कि तुम्हारी समस्या बड़ी है तो उसे दूर करवाकर कागज पर लिखी दूसरे की छोटी-सी समस्या अपना लो।

# नेतन्याहु के मकड़जाल में फंसकर फड़फड़ा रहे ट्रंप?

सनत जैन



28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर व्यापक हमले किए, जिसके बाद से पूरा मध्य पूर्व इस सैन्य संघर्ष की चपेट में आ गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था, एक सप्ताह के अंदर ईरान में सत्ता बदल जाएगी। मोसाद और इजराइल की नेतन्याहू सरकार ने जिस तरह से ईरान में सत्ता पलटने की कोशिश की थी, ईरान में आंदोलन बड़े पैमाने पर हो रहे थे। इसी बीच ईरान पर हमला किया गया। इजराइल और अमेरिका ने कभी सोचा भी नहीं था कि ईरान उन्हें इस तरह से जवाब देगा। अमेरिका और इजराइल की जो सबसे बड़ी गलती थी, उसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई सहित उनके परिवार के पांच सदस्यों की हत्या तथा स्कूल में किए गए हमले में 165 से ज्यादा बच्चियों की मौत ने युद्ध के सारे समीकरण बदल दिए। मोसाद, अमेरिका और इजराइल के खिलाफ ईरान की जनता भड़क गई। ईरान के रणनीतिकारों ने इसे अपने अस्तित्व का संकट मानकर जिस तरह से रूस और चीन के साथ-साथ होर्मूज स्टेट को अपना हथियार बनाया, उसने तमाम दावों को गलत साबित कर दिया। जिस तरह से मोसाद का सफाया ईरान से किया गया, अरब देशों में अमेरिका के जो सैन्य ठिकाने बने थे ईरान ने अपने जवाबी हमले में उन्हें नष्ट किया। इसकी कल्पना कभी भी अमेरिका और इजराइल ने नहीं की थी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में जिस तरह का नरसंहार कर रहे थे, उनके ऊपर भ्रष्टाचार के भारी आरोप लगे हुए थे। नेतन्याहु ने स्वयं को बचाने के लिए जिस तरह से अमेरिका का उपयोग किया, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने मकडजाल में फंसाया, उसके बाद से अमेरिका बुरी तरह से फंसता चला गया। पिछले 4 महीने में अमेरिका ने तीन बार युद्ध से बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। हर बार इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कारण कोई भी बातचीत परिणाम तक नहीं पहुंच सकी है। अब तो यह साफ दिखने लगा है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इजराइल में कुछ महीने पश्चात चुनाव होने जा रहे हैं। अमेरिका के कुछ राज्यों में चुनाव अगले कुछ महीनो में होना है। दोनों ही नेताओं की लोकप्रियता में बड़ी तेजी के साथ कमी आई है और दोनों ही अपने अस्तित्व की लड़ाई को लड़ रहे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपना आखिरी ब्रह्मास्त्र चल दिया है। इस ब्रह्मास्त्र में उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी हत्या का भय दिखाकर युद्ध के मैदान से भागने के स्थान पर डटकर मुकाबला करने की सलाह दी है। यह ब्रह्मास्त्र उन्होंने चला है, जिसका असर भी डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर होता हुआ नजर आया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कथन कि उन्होंने 1000 मिसाइल ईरान की तरफ तैनात कर दी हैं, यदि उनकी हत्या होती है तो इसके लिए ईरान जिम्मेदार होगा और ऐसे में उसे पूरी तरफ खत्म कर दिया जाएगा। इसी तरह ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दे दी है कि वह अपने सर्वोच्च नेता की हत्या का बदला लेंगे। अपराधियों की पूरी सूची उन्होंने तैयार कर रखी है। ईरान की जनता ने जिस तरह से इमाम हुसैन की शहादत का बदला लिया था ठीक उसी तरह का बदला इन हत्यारों से लेगी। जिसके कारण पश्चिम एशिया में एक बार फिर से युद्ध का संकट बढ़ गया है। ईरान और अमेरिका एक दूसरे के ऊपर लगातार हमले कर रहे हैं। युद्ध विराम को लेकर जो एक शांति का वातावरण बनता हुआ दिख रहा था वह एक बार फिर अशांति की ओर परिवर्तित हो रहा है। यदि यह युद्ध हुआ तो सारी दुनिया के देशों पर इसका असर पड़ेगा।

# इलेक्ट्रिक कार विंडसर ईवी ने रिकार्ड किए बिक्री के कीर्तिमान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई



भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की लोकप्रिय इलेक्ट्रिक कार विंडसर ईवी ने एक नया बिक्री कीर्तिमान स्थापित किया है। इस मॉडल ने बाजार में लॉन्च होने के दो वर्ष से भी कम समय में 75,000 से अधिक ग्राहकों तक पहुंच बनाते हुए यह महत्वपूर्ण आंकड़ा हासिल कर लिया है। कंपनी के अनुसार, इस उपलब्धि के साथ, विंडसर ईवी देश के विद्युत चालित चारपहिया वाहन खंड में सबसे अधिक बिकने वाली गाड़ियों में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। वर्ष 2026 की पहली छमाही भी विंडसर ईवी के लिए बेहद सफल रही, जिसमें जनवरी से जून के बीच 19,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री दर्ज की गई।

विंडसर ईवी के अलावा, कॉमेट और जेडएस ईवी जैसे अन्य मॉडलों की मजबूत मांग के कारण कंपनी ने इस अवधि में सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत की कुल वृद्धि हासिल की है। विंडसर ईवी की सफलता के पीछे कंपनी की विशिष्ट उत्पाद रणनीति को मुख्य वजह बताया जा रहा है। इस वाहन को ऐसी आकर्षक कीमत पर पेश किया गया है जो छोटे वर्ग की कारों के खरीदारों को लुभाती है, जबकि इसका बाहरी आकार मध्यम श्रेणी की गाड़ियों जैसा है और अंदर बैठने की जगह बड़े वर्ग के वाहन जैसी मिलती है। इसी कारण यह वाहन उन परिवारों के बीच तेजी से लोकप्रिय हुआ है जो किफायती कीमत में अधिक जगह और बेहतर सुविधाएं चाहते हैं। कंपनी अब इस मॉडल में स्थानीय रूप से तैयार होने वाले पुर्जों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर भी काम कर रही है, जिसका लक्ष्य इसे लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंचाना है।

# इनविट्स के जरिए 40,000 करोड़ रुपए की एसेट मोनेटाइजेशन की तैयारी में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियां: रिपोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई

सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की रोड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियां वित्त वर्ष 2026-27 में इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) के माध्यम से करीब 40,000 करोड़ रुपए की एसेट मोनेटाइजेशन करने की तैयारी में हैं, जिसका उद्देश्य पूंजी (कैपिटल) जुटाना, कर्ज का बोझ कम करना और भविष्य के विस्तार के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना है।



ब्रिकवर्क रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान सड़क क्षेत्र में सरकार के निरंतर निवेश के दम पर करीब 10,000 किलोमीटर नए हाईवे, एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर परियोजनाओं के आवंटन का भी लक्ष्य रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2027 के दौरान सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर बनी रहने की उम्मीद है, जिसकी प्रमुख वजह मजबूत टोल कलेक्शन, परियोजनाओं की स्वस्थ पाइपलाइन और नए वित्तपोषण मॉडलों को तेजी से अपनाया जाना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2027 में इस क्षेत्र की आय (रेवेन्यू) में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि 7.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। वहीं, ऑपरेटिंग मार्जिन भी 24.3 प्रतिशत से बढ़कर 25.1 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इसका मुख्य कारण परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन और कच्चे माल की लागत में कमी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टील और बिटुमेन की कीमतों में गिरावट तथा पहले से चल रही परियोजनाओं के तेजी से पूरा होने से कंपनियों की लाभप्रदता (प्रॉफिटेबिलिटी) को समर्थन मिलेगा।

साथ ही, चालू हाईवे पर वाहनों की बढ़ती आवाजाही (ट्रैफिक) से भी कंपनियों की आय बढ़ेगी, जिससे तय लागत (फिक्स्ड कॉस्ट) अधिक राजस्व पर बंट जाएगी और परिचालन क्षमता में सुधार होगा। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भुगतान में देरी और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं के चलते बेहतर कमाई के बावजूद कर्ज चुकाने की क्षमता (डेट सर्विसिंग) अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी रहेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के दौरान डेट सर्विस कवरेज रेशियो लगभग 0.5 गुना रहने का अनुमान है, जबकि इंटरेस्ट कवरेज रेशियो 1.3 गुना से बढ़कर 1.5 गुना तक पहुंच सकता है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सड़क अवसंरचना कंपनियां संचालित (ऑपरेशनल) सड़क परिसंपत्तियों का इनविट्स के जरिए लगातार मोनेटाइजेशन कर रही हैं, ताकि नकदी (लिक्विडिटी) बढ़ाई जा सके, कर्ज चुकाया जा सके और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाई जा सके।

हालांकि, रिपोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि राज्य सरकारों की परियोजनाओं में भुगतान से जुड़े जोखिम, लंबा रिसीवेबल साइकिल और आक्रामक बोली (एग्रेसिव बिडिंग) जैसी चुनौतियां अब भी इस क्षेत्र के सामने बनी हुई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 39 पैसे टूटकर 95.77 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 39 पैसे टूटकर 95.77 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 79 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। उन्होंने कहा कि घरेलू मुद्रा के कमजोर शुरूआत के साथ 95.53 प्रति डॉलर के स्तर पर खुलने की उम्मीद थी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में 95.77 प्रति डॉलर के स्तर तक गिर गया। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 39 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले नौ पैसे मजबूत होकर 95.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़कर 101.12 पर कारोबार कर रहा था।

### राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन तय करने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** श्रम मंत्रालय ने सांविधिक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन (फ्लोर वेज) तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारों के मुताबिक वेतन संहिता के अंतर्गत न्यूनतम वेतन तय किया जाएगा। अधिकारियों का समूह गणना के तरीके और खपत बास्केट पर काम कर रहा है और केंद्र सरकार 'केंद्रीय सलाहकार बोर्ड' (सीएबी) बनाएगी। सीएबी राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन की सिफारिश करने से पहले बातचीत करेगा। यह एक बार अधिसूचित होने के बाद न्यूनतम सीमा के लिए कानूनी बाध्यता होगी और राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इस निर्धारित सीमा से कम वेतन तय नहीं कर पाएंगे। लोगों ने बताया कि यह तकनीकी प्रक्रिया एस. पी. विशेषज्ञ समूह के तैयार अनुमानों पर आधारित होगी। इस क्रम में खपत बास्केट को नए सिरे से बनाने के बजाए महंगाई के हिसाब से संशोधित किए जाने की संभावना है। अधिकारियों का समूह तरीके की जांच कर रहा है और खपत बास्केट को अपडेट कर रहा है, जबकि केंद्रीय सलाहकार बोर्ड केंद्र को अपनी सिफारिश देने से पहले प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करेगा। मामले की जानकारी रखने वाले वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही राज्यों के साथ भी बातचीत चल रही है। इसका कारण यह है कि न्यूनतम वेतन राशि तय करने में बड़ी चुनौती राज्यों के बीच न्यूनतम वेतन में अंतर है।' खबर लिखे जाने तक श्रम मंत्रालय को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला था।

# पीयूष गोयल स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड का करेंगे दौरा

## भारत-ईयू के बीच संबंध होंगे मजबूत

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड के आधिकारिक दौरे की शुरूआत सोमवार से हो रही है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि गोयल की 13 से 17 जुलाई तक स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की यात्रा, पूरे यूरोप में आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के भारत के संकल्प को दिखाती है। इसमें व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी पर खास फोकस किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की इस यात्रा में एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, क्लीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी, डिजिटल और नई टेक्नोलॉजी, रत्न और आभूषण, और खाद्य व उपभोक्ता उद्योगों जैसे अहम विषयों पर ध्यान दिया जाएगा।

गोयल की यह यात्रा यूरोपीय संघ के साथ भारत के मजबूत होते रिश्तों और एक ऐसे महत्वाकांक्षी, संतुलित और आपसी फायदे वाले समझौते को आगे बढ़ाने की भारत की पक्की प्रतिबद्धता को दिखाती है, जो मजबूत सप्लाई चेन, टिकाऊ विकास और नियमों पर आधारित ग्लोबल ट्रेडिंग सिस्टम में योगदान दे सके। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस यात्रा से यूरोप के साथ भारत के रिश्तों को नई गति मिलने की उम्मीद है। इससे व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नई टेक्नोलॉजी, क्लीन एनर्जी, इनोवेशन और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में सहयोग मजबूत होगा, व्यवसायों और इनोवेशन इकोसिस्टम के बीच करीबी साझेदारी बढ़ेगी, और इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग व सस्टेनेबिलिटी के लिए एक भरोसेमंद ग्लोबल पार्टनर के तौर पर भारत की स्थिति और मजबूत होगी। स्पेन में, गोयल स्पेन सरकार के पहले उप-राष्ट्रपति और अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री कार्लोस कुएर्पो कैबालेरो, उद्योग और पर्यटन मंत्री जोर्डी हेरेउ बोहेर और विदेश मामलों, यूरोपीय संघ और सहयोग मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस बुएनो के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

# चालू महीने में लॉन्च होगी कई नई और दमदार एसयूवी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।



भारतीय बाजार में जुलाई 2026 में कई नई और दमदार एसयूवी लॉन्च होने जा रही हैं। इन एसयूवी में पेट्रोल, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन मॉडल शामिल हैं, जिन्हें मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, निसान, होंडा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और स्कोडा जैसी कंपनियां विभिन्न सेगमेंट में पेश करने की तैयारी में हैं। मारुति सुजुकी अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का फेसलिफ्ट मॉडल जुलाई में लॉन्च कर सकती है। इसमें डिजाइन, फीचर्स और इंजन में बदलाव की उम्मीद है, जिसमें 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन एक नया विकल्प हो सकता है। यह हुंडई वेन्यू और टाटा नेक्सन जैसी कारों को टक्कर देगी।

निसान की नई मिड-साइज एसयूवी टेक्टॉन जिसका सीधा मुकाबला हुंडई क्रेटा और मारुति ग्रैंड विटारा जैसी एसयूवी से हो रहा है। इसमें 1.0 लीटर और 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के विकल्प मिलेंगे। टाटा मोटर्स की बहुप्रतीक्षित सिएरा ईवी भी जुलाई से सितंबर के बीच लॉन्च हो सकती है। यह एक्टी.ईवी प्लस प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी और इसमें लगभग 55 किलोवाट-घंटा और 65 किलोवाट-घंटा क्षमता वाले बैटरी पैक के साथ रियर-व्हील ड्राइव और ऑल-व्हील ड्राइव दोनों विकल्प उपलब्ध होंगे।

होंडा ने अपनी नई जेडआर-वी की बुकिंग शुरू कर दी है और जुलाई में इसकी डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है। यह पूरी तरह तैयार इकाई के रूप में भारत आएगी और इसमें 2.0 लीटर का स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इंजन मिलेगा। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया भी 16 जुलाई को एक नई प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में है।

## पियाजियो ने नया ऐप वेव किया लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर सेगमेंट में एक और कदम बढ़ाते हुए पियाजियो कंपनी ने अपने पैसेंजर इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो में नया ऐप वेव (एपे वेव) लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे एल3 पैसेंजर ईवी कैटेगरी में उतारा है, जिसकी भारतीय बाजार में एक्स-शोरूम कीमत 2.55 लाख रुपये रखी गई है। पियाजियो ऐप वेव को मुख्य रूप से शहरी इलाकों में यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। दमदार परफॉर्मेंस के लिए इसमें 5.4 किलोवाट-घंटा का बड़ा बैटरी पैक दिया गया है। इसका इलेक्ट्रिक मोटर 3 किलोवाट की पीक पावर और 25 न्यूटन-मीटर का टॉर्क जनरेट करता है। शहर के ट्रैफिक के अनुकूल, इसकी टॉप स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है।

# भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में जनवरी-जून अवधि में आया 3.2 अरब डॉलर का निजी इक्विटी निवेश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।

भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में जनवरी-जून अवधि यानी 2026 की पहली छमाही में 3.2 अरब डॉलर का निजी इक्विटी निवेश आया है। इसमें सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। ग्लोबल रियल एस्टेट कंसल्टिंग फर्म 'सैविल्स इंडिया' की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की दूसरी तिमाही में निवेश का प्रवाह 2 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।



प्राइवेट इक्विटी इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टमेंट में प्राइवेट रूट से किए गए इक्विटी डील, एआईएफ और एनसीडी जारी करने के जरिए स्ट्रक्चर्ड डेट डील शामिल हैं, लेकिन इसमें फंड जुटाने में क्यूआईपी, पब्लिक मार्केट डील और प्लेटफॉर्म बनाने के जरिए किए गए साधारण डेट डील शामिल नहीं हैं।

2026 की दूसरी तिमाही में हुए कुल निवेश में डेटा सेंटर्स का हिस्सा 38 प्रतिशत रहा, जिससे ऑफिस-आधारित निवेश के ट्रेंड में बदलाव दिखा।

इसके बाद ऑफिस सेगमेंट का 30 प्रतिशत हिस्सा रहा, जबकि रेजिडेंशियल सेगमेंट 16 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कुल मिलाकर, 2026 की पहली छमाही में ऑफिस सेगमेंट सबसे आगे रहा, जिसमें इक्विटी निवेश का 34 प्रतिशत हिस्सा शामिल था।

निवेशकों ने हॉस्पिटैलिटी (8 प्रतिशत) और स्टूडेंट हाउसिंग या को-लिविंग (3 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में भी निवेश किया।

रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में पीई निवेश में घरेलू पूंजी का हिस्सा 51 प्रतिशत था। पूंजी को कई तरह के एसेट क्लास में लगाया गया, जिसमें वैकल्पिक सेगमेंट भी शामिल थे, लेकिन ऑफिस सेगमेंट पहली पसंद बना रहा। घरेलू निवेश का 68 प्रतिशत हिस्सा इसी में गया, जो मुख्य रूप से भारत के टियर-1 शहरों में केंद्रित था। बाकी 49 प्रतिशत निवेश विदेशी निवेशकों का था।

# खुद को मालिक बता बेच दी कार, ठग लिए 14.60 लाख रुपये

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

मणिपुर के मोहम्मद रफीक से राजनगर एक्सटेंशन के अभिषेक, सचिन और यूसुफ ने लग्जरी कार बेचने के नाम पर 14.60 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने खुद को कार का मालिक बताकर झांसा दिया था। पुलिस ने अब इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहम्मद रफीक ने बताया कि फेसबुक मार्केट प्लस पर उन्होंने एक फॉर्च्यूनर कार का




विज्ञापन देखा था। विज्ञापन पर दिए गए नंबर के आधार पर वह सचिन, अभिषेक और यूसुफ के संपर्क में आए। इन लोगों ने खुद को कार का मालिक बताया। सौदा तय होने के बाद 27 जून 2026 को आरोपियों ने उनको राजनगर एक्सटेंशन में कार की डिलीवरी देने के लिए बुलाया। आरोपियों को उन्होंने 14.60 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद वह दोस्तों के साथ मनाली के लिए चले गए। मनाली से लौटते समय उनको पंजाब में कुछ लोग मिले। उन्होंने उनको रोका और कार को अपनी बताया। आरोपियों ने उनको कार की चाबी और दस्तावेज भी दिखाए। विवाद बढ़ने के डर से उन्होंने कार उनको दे दी। उन लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि अभिषेक, सचिन और यूसुफ लोगों को अपने झांसे में इसी तरह लेकर उनसे पैसा ठगी का काम करते हैं।

इनका इसके अलावा कोई व्यवसाय नहीं है। सैकड़ों लोगों को यह लोग इसी तरह ठग चुके हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे में नंदग्राम की कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्रीपाल ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आफताब हत्याकांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** थानाक्षेत्र के आजाद एन्क्लेव के रहने वाले आफताब की हत्या के मामले में चौथे आरोपी पप्पी उर्फ महाराज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर पुलिस ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने साथियों के साथ छह माह पुराने विवाद में रिक्शा चालक आफताब को धोखे से बुलाकर हत्या करने की बात पूछताछ में स्वीकार की है। एक नाबालिग सहित तीन आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्या ने बताया कि आरोपी ने बताया कि उसने 23 जून को साथियों के साथ मिलकर ताजिया की गुंबद बनाने के बहाने आफताब को बुलाया था। उसके पहुंचने पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। दोनों के बीच छह माह पहले गिल्ली-डंडे के खेल में झगड़ा हुआ था। पुलिस ने इससे पहले हत्यारोपी नदीम, उसके नाबालिग भाई व एक अन्य को पकड़ा था। आफताब की मां जरीना की शिकायत पर पुलिस ने नदीम, उसका भाई, साहिल, पप्पी उर्फ महराज व चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### गैस पाइप लाइन में लगी आग, मची अफरातफरी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के भोपुरा मार्ग स्थित ओक्सी होम सोसायटी के सामने गैस पाइप लाइन में रविवार शाम करीब 5 बजे अचानक आग लग गई। पाइप लाइन से निकलती आग की लपटें देखते ही राहगीरों और स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों ने तुरंत दमकल, पुलिस और गैस कंपनी के कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सूचना पर दमकल की दो गाड़ियों को भेजा गया था। उनके पहुंचने से पहले ही गैस कंपनी की तरफ से सप्लाई बंद कर दी गई। इससे आग बुझ गई। आग कैसे लगी और लीकेज किस जगह है कंपनी के अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। ब्यूरो

### ड्राई फ्रूट्स कारोबारी के घर में एसी कंप्रेशर फटने से लगी आग

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** शालीमार गार्डन मेन के विक्रम एन्क्लेव निवासी ड्राई फ्रूट्स कारोबारी जगदीश गुर्जर के मकान में 12 जुलाई की दोपहर तेज धमाके के साथ अचानक आग लग गई। हादसा एसी का कंप्रेशर फटने की वजह से हुआ। कारोबारी के परिवार को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला और आग बुझाने का काम किया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कूलिंग का काम करते हुए धुएं को खत्म किया।

## पीएनजी कनेक्शन अपडेट करने के नाम पर 6.22 लाख की ठगी




» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई**

पीएनजी कनेक्शन अपडेट करने के नाम पर वसुंधरा के सोहनलाल गौतम के खाते से मोबाइल हैक करके साइबर ठगों ने 6.22 लाख रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने छह बार में रकम निकाली। पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वसुंधरा सेक्टर तीन निवासी सोहनलाल गौतम ने बताया कि उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। बात करने वाले ने खुद को आईजीएल कंपनी का प्रतिनिधि बताया।

आरोपी ने कहा कि उनका गैस कनेक्शन अपडेट होना है, यदि वह अपडेट नहीं किया गया तो सप्लाई बंद हो जाएगी। उन्होंने अपडेट करने की प्रक्रिया के बारे में पूछा तो आरोपी ने कहा कि वह लिंक भेज रहा है, उसपर कुछ जानकारी भरनी होगी। जो लिंक उनको भेजा गया, वह एपीके फाइल थी। जैसे ही उन्होंने भेजा गया लिंक खोला तो उनका मोबाइल हैक हो गया।

आरोपी ने उनके खाते से छह बार में 6.22 लाख रुपये निकाल लिए। इस मामले में उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी। एसीपी ने बताया कि जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, उस आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### एपीके फाइल भेजकर दो लाख निकाले :

मसूरी में एपीके फाइल भेजकर महिला के खाते से दो लाख रुपये निकालने की घटना सामने आई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रश्मि ने बताया कि उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से एपीके फाइल आई थी। उसको जैसे ही उन्होंने डाउनलोड किया तो मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उनका नियंत्रण मोबाइल पर नियंत्रण नहीं रहा और उनके खाते से दो लाख रुपये निकल गए। एसीपी सुनील कुमार ने बताया कि जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई है, उसको फ्रीज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

## बदरपुर में चाकू मारकर नाबालिग की हत्या दो आरोपी गिरफ्त में; दिल्ली पुलिस कर रही है छानबीन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

बदरपुर के मोलड़बंद इलाके में चाकू मारकर 17 साल के एक लड़के की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक बदरपुर पुलिस स्टेशन को रात करीब 8 बजे स्थानीय बीट स्टाफ से मोलड़बंद, बदरपुर के पांडे मेडिकल स्टोर पर चाकू मारने की घटना की सूचना मिली।

शुरुआती जांच से पता चला है कि पीड़ित मोलड़बंद एक्सटेंशन का रहने वाला 17 साल का लड़का था। आरोप है कि उसे उस लड़की के भाई ने मौके पर बुलाया था जिसके साथ उसका रिश्ता था। अपने तीन दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचने पर दूसरे पक्ष के साथ उसका झगड़ा हो गया। इसी दौरान पीड़ित की छाती और पेट में धारदार चाकू मारा गया।

लोगों की मदद से उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई। बाद में चोटों के कारण पीड़ित की मौत हो गई। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है और मामले में 2 आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस टीमें बाकी आरोपियों की तलाश कर रही हैं। जांच आगे बढ़ने पर और जानकारी



दी जाएगी। मृतक के पिता जगमोहन सिंह ने कहा कि मेरे बेटे का नाम यश था और वह 17 साल का था। वह 12वीं कक्षा में था। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ था। वह शाम 6:30-6:45 बजे घर से निकला था। वह एक दोस्त के साथ पेट्रोल लेने गया था। दस मिनट बाद, मुझे फोन आया कि वह अस्पताल में है। जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो उसकी मौत हो चुकी थी। उस पर चाकू से हमला किया गया था। हमें न्याय चाहिए। वह मेरा इकलौता बेटा था। मैं प्राइवेट काम करता हूं और हिमाचल प्रदेश का रहने वाला हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि मेरे बेटे के साथ जो हुआ, वही उनके (आरोपियों) साथ भी हो।

## मोबाइल हैक करके खाते से निकाले 4.30 लाख रुपये

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** विजयनगर में दुष्यंत मणि का मोबाइल हैक करके उनके खाते से 4.30 लाख रुपये निकालने की एक घटना सामने आई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने इसमें छानबीन शुरू कर दी है।

दुष्यंतमणि ने बताया कि उनके मोबाइल पर कुछ मैसेज आया था। उसको उन्होंने जैसे ही खोला तो मोबाइल हैक हो गया। आरोपियों ने उनके खाते से 4.30 लाख रुपये निकाल लिए। इस बारे में एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि खाते में जमा रकम को फ्रीज कराया जा रहा है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम का गठन किया गया है।

## पड़ोसी के बैंक खाते का इस्तेमाल कर विदेशी खातों से दो करोड़ के लेनदेन का आरोप

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई**

मोहन नगर के राजीव कॉलोनी निवासी सत्यप्रकाश यादव ने अपने पड़ोसी मोहम्मद अजरुद्दीन के खिलाफ हवाला की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपी ने उनके बैंक खाते का इस्तेमाल कर वर्ष 2020 से 2025 के बीच करीब दो करोड़ रुपये का लेनदेन विदेशी बैंक खातों में किया है। करीब आठ माह पहले बैंक खाता होल्ड होने पर उन्हें इसका पता चला। क्राइम ब्रांच सेल की शुरुआती जांच विदेशी बैंक खातों की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि अलग-अलग कई बैंक खातों में लेनदेन किया गया है। 12 जुलाई को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि वह ठेकेदारी का काम करते हैं। पड़ोसी मोहम्मद अजरुद्दीन गाजियाबाद में एक अधिवक्ता के पास बैठकर वकालत की प्रैक्टिस भी करता है। पीड़ित के अनुसार आरोपी एनजीओ व मदरसे का संचालन भी करता है। बताया कि अक्सर वह उनके बैंक खाते में रुपये मंगवाता रहता था।



पड़ोसी होने के नाते वह भी मदद कर दिया करते थे। बताया कि आरोपी के पास अलग-अलग बैंक के करीब 10-12 क्रेडिट कार्ड थे।

उनके खाते में रुपये मंगाने के बाद आरोपी उस रकम को क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर करता था और उसके बाद अलग-अलग स्थानों पर भुगतान करता था। करीब आठ माह पहले उनका बैंक खाता अत्यधिक राशि होने की वजह से होल्ड कर दिया गया। जब वह अपने अधिवक्ता के साथ बैंक पहुंचे तब पता चला कि आरोपी ने उनके बैंक खाते से करीब दो करोड़ रुपये का लेनदेन किया है। इसकी शिकायत अधिवक्ता संतोष के माध्यम से उन्होंने क्राइम ब्रांच सेल में की। यहां पूरे मामले की जांच हुई।

# 33 केवी लाइन फॉल्ट और ट्रांसफार्मर में आग लगने से इंद्रप्रस्थ में 10 घंटे बिजली गुल

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई**

ट्रांस हिंडन (टीएचए) क्षेत्र में लगातार मरम्मत कार्य के बावजूद बिजली आपूर्ति की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार रात इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने के बाद ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे करीब 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। रविवार को भी दिनभर कई इलाकों में बिजली की ट्रिपिंग और कटौती जारी रही। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, तुलसी निकेतन, इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली और कौशांबी के निवासियों को बार-बार बिजली गुल होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी राजेंद्र ने बताया कि कॉलोनी में रोजाना बिजली फॉल्ट की समस्या बनी रहती है। शनिवार शाम करीब सात बजे बिजली कट गई। शिकायत करने पर अधिकारियों ने बताया कि 33 केवी लाइन में फॉल्ट है और एक घंटे में आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी, लेकिन रात 12 बजे तक



बिजली नहीं आई। करीब एक बजे आपूर्ति शुरू हुई, लेकिन तीन बजे ट्रांसफार्मर में आग लगने से फिर बिजली गुल हो गई। पूरी रात बिजली नहीं रहने से लोग गर्मी में सो नहीं सके।

तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए पदाधिकारी बलवंत रावत ने बताया कि पूरी रात बिजली का आना-जाना लगा रहा। रविवार सुबह भी लगातार ट्रिपिंग होती रही, जिससे इनवर्टर चार्ज नहीं हो सके और लोगों को बिना पंखे और कूलर के गर्मी झेलनी पड़ी। वहीं इंदिरापुरम निवासी रजनी देवी ने बताया कि सुबह आठ बजे से बिजली की आवाजाही शुरू हो गई और दिनभर 15 से 20 बार ट्रिपिंग हुई। वसुंधरा, वैशाली और कौशांबी में भी सुबह करीब 10 बजे से दोपहर तक लगभग दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### 50 हजार से अधिक लोगों को पानी संकट

बिजली संकट के कारण तुलसी निकेतन और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के 50 हजार से अधिक लोगों को पानी की समस्या का भी सामना करना पड़ा। तुलसी निकेतन में बिजली की अनियमित आपूर्ति के चलते पानी की टंकी पूरी तरह नहीं भर सकी, जिससे जलापूर्ति प्रभावित रही। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने बताया कि बारिश के बाद से बिजली व्यवस्था लगातार बाधित है, जिसके कारण लोगों को बाजार से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। वहीं इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पेयजल पाइपलाइन में लीकेज के कारण जलापूर्ति बाधित रही। आरडब्ल्यूए सचिव सतीश भारद्वाज ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे तक पाइपलाइन की मरम्मत की गई, लेकिन इसके तुरंत बाद बिजली चली जाने से पानी की आपूर्ति सामान्य नहीं हो सकी। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के एसडीओ बृजमोहन दूबे ने बताया कि पहले 33 केवी लाइन में फॉल्ट हुआ था। इसके बाद अधिक ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर में आग लग गई।



## प्रेग्नेंसी में दीपिका ने शूट किया विज्ञापन

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जहां फैंस उन्हें जल्द ही शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग और अल्लू अर्जुन के साथ निर्देशक एटली की आगामी फिल्म राका में देखने का इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब एक्ट्रेस ने अपने नए इंटरनेशनल कैंपेन से फैंस को खास सरप्राइज दिया है। दीपिका पादुकोण ने ग्लोबल होटल ब्रांड हिल्टन के नए विज्ञापन में अपनी शानदार मौजूदगी दर्ज कराई है, जिसमें वह ब्रांड एंबेसडर के तौर पर नजर आ रही हैं। वीडियो में दीपिका ब्लू पैंटसूट पहने एक लग्जरी हिल्टन प्रॉपर्टी के अंदर बेहद स्टाइलिश अंदाज में डांस करती दिखाई दे रही हैं। उनके कॉन्फिडेंस, एलिगेंस और ग्रेस ने एक बार फिर फैंस का दिल जीत लिया है। इस कैंपेन की सबसे खास बात यह है कि दीपिका ने इसकी शूटिंग अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के दौरान की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस ने यह ऐड तब शूट किया था जब वह करीब चार महीने की गर्भवती थीं। प्रेग्नेंसी के दौरान भी दीपिका का काम के प्रति समर्पण देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। जैसे ही हिल्टन का यह विज्ञापन सोशल मीडिया पर सामने आया, यह तेजी से वायरल हो गया।

# लंदन में फैमिली टाइम एंजॉय करती दिखीं प्रियंका चोपड़ा





बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने फैंस के साथ अपनी परफेक्ट समर वेकेशन की झलक साझा की है। रविवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिनमें वह अपने परिवार के साथ समय बिताती और लजीज व्यंजनों का आनंद लेती नजर आईं। शेयर किए गए वीडियो में उनकी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास भी दिखाई दीं, जो प्रियंका के बालों से हेयर क्लिप निकालने में उनकी मदद करती नजर आई। प्रियंका ने पोस्ट के साथ लंबा कैप्शन लिखा। उन्होंने बताया कि लंदन में उन्हें ये चीजें सबसे ज्यादा पसंद आईं-परिवार के साथ समय बिताना, विंबलडन मैच देखना, रॉयल बॉक्स में मेहमाननवाजी, बड़ी हस्तियों से मिलना, स्ट्रॉबेरी और क्रीम खाना, हाइड पार्क घूमना और एस्प्रेसो मैकियाटो पीना।

इससे पहले प्रियंका ने अमेरिका में फोर्थ ऑफ जुलाई (अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस) से पहले के जश्न की भी झलक साझा की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रात के समय अपने बेडरूम की खिड़की से दिखाई देने वाले आतिशबाजी के खूबसूरत नजारे की तस्वीर पोस्ट की थी।

उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'बेड से हैप्पी ऑलमोस्ट फोर्थ।' यह अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस से पहले होने वाले उत्सव की ओर इशारा था। प्रियंका और अमेरिका के साथ उनके जुड़ाव की बात करें तो यह रिश्ता काफी पुराना है। बचपन में एक्ट्रेस कुछ साल अमेरिका में अपने रिश्तेदारों के साथ रहीं और भारत लौटने से पहले मैसाचुसेट्स, आयोवा और न्यूयॉर्क के स्कूलों में पढ़ाई की। सालों बाद बॉलीवुड में पहचान बनाने के बाद उन्होंने हॉलीवुड का रुख किया। एक्ट्रेस ने अक्सर कहा है कि देश में इतनी बड़ी सफलता मिलने के बावजूद उन्हें हॉलीवुड में अपनी यात्रा नए सिरे से शुरू करने में कोई हिचकिचाहट नहीं थी। उनकी हॉलीवुड यात्रा उनके म्यूजिक करियर से शुरू हुई और उसके बाद 2015 में उन्हें अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'क्वांटिको' में मुख्य भूमिका मिली। प्रियंका हिंदी सिनेमा की सबसे चर्चित अभिनेत्री में से एक रही हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं।



## फोटो स्टोरी



लंदन में विंबलडन की महिला युगल टेनिस ट्रॉफी जीतने के बाद विजेता चीन की गिये हेनयू व फ्रांस की क्रिस्टीना।

## साल के अंत में नेपाल दौरे पर जाएगी भारत ए टीम

**मुम्बई, यूटर्न/ 13 जुलाई।** भारत ए क्रिकेट टीम इस साल के अंत में नेपाल का दौरा करेगी। इस दौरे में भारत एक नेपाल टीम से तीन मैचों की सीरीज खेलेगी इससे नेपाल टीम को काफी लाभ होगा। दोनों ही देशों के क्रिकेट बोर्ड इस दौर को लेकर सहमत हैं। इस दौरे में सभी मुकाबले नेपाल के कीर्तिपुर स्थित त्रिभुवन यूनिवर्सिटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में खेले जाएंगे।

इस महत्वपूर्ण दौरे को स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग हुए आईसीसी के सालान सम्मेलन के दौरान तय किया गया था।। इस अवसर पर नेपाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष चतुर बहादुर चंद और सचिव पारस खड़का ने भारतीय बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया के साथ मुलाकात की थी, जिसमें दोनों बोर्डों ने सर्वसम्मति से इस सीरीज पर अपनी मुहर लगाई। इससे दोनो देशों के बीच खेल संबंध बेहतर होंगे। सीरीज का पूरा शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। पहला टी20 मुकाबला 9 दिसंबर 2026 को होगा, जिसके बाद दूसरा मैच 11 दिसंबर 2026 को और तीसरा व अंतिम मैच 13 दिसंबर 2026 को निर्धारित है। तीनों ही मैच त्रिभुवन यूनिवर्सिटी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में ही खेले जाएंगे, जिससे प्रशंसकों को लगातार तीन दिनों तक रोमांचक क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा। यह सीरीज भारत ए टीम में शामिल होने वाले युवा और उभरते खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन करने वाली युवा प्रतिभाएं और भारतीय सीनियर टी20 टीम में जगह बनाने के इच्छुक दावेदार इस दौरे पर अपने को साबित कर सकते हैं। यह उन्हें अंतरराष्ट्रीय दबाव में प्रदर्शन करने और अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अनमोल अनुभव प्रदान करेगा, जिससे उनके भविष्य के करियर को नई दिशा मिलेगी।

## भारतीय टीम को विदेशी पिचों के अनुसार भी खेलना सीखना होगा : डोइशे

» **लंदन, यूटर्न/ 13 जुलाई।**



इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के खराब प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा है कि उसे विदेशी हालातों के अनुसार ढ़लना सीखना होगा। डोइशे के अनुसार भारतीय टीम अभी विदेशी पिचों के अनुरुप ढ़ल नहीं पा रही है। इसी कारण उसके बल्लेबाज असफल हो रहे हैं। कोच के अनुसार टीम को अलग-अलग माहौल के अनुकूल अपने को जल्दी ढालने की प्रक्रिया को समझना होगा और उसी को देखते हुए खेलना होगा। डोइशे ने कहा, हमने इस दौर में अपने को ढालने के बारे में काफी चर्चा की है। यह कहना आसान है कि हमें अनुकूलन करना चाहिए, लेकिन हमें उस प्रक्रिया को समझना होगा कि इसके लिए वास्तव में क्या करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनोवैज्ञानिक और मानसिक तौर पर, भारतीय टीम के लिए यह समझना सबसे बड़ी चुनौती है कि हम विदेशी हालात में क्यों अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य की ओर देखने और दो साल बाद ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए तैयारियों की सलाह दी है क्योंकि वहां उन्हें एक अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा। सहायक कोच ने कहा हमें ऐसी टीम चाहिये जो भारतीय मैदानों के आलावा विदेशी धरती पर भी उसी प्रकार से खेल सके। उन्होंने कहा कि टीम को विदेशी स्थानों पर भी अच्छा खेलना सीखना होगा। इसके लिए केवल टीम को अपनी मानिकता में बदलाव लाना है क्योंकि भारत में जहां सपाट पिच हैं वहीं विदेशों में तेज और उछला भरी पिचें हैं। इंग्लैंड और आयरलैंड के दौरे पर भारतीय टीम को तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिचों पर खासी परेशानी हुई। भारत की सपाट पिचों पर बेजोड़ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज वहां अपनी लय नहीं पकड़ पाए। टेन डोइशे ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और जोश टंग के बेहतरीन प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि हम उस तरह से खुद को ढाल नहीं सके जिसकी बात मैं कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह समझना आवश्यक है कि जो रणनीति और तकनीक भारत में सफल होती है, वह जरूरी नहीं कि विदेशी धरती पर भी उतनी ही कारगर साबित हो।

## रमीज ने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौरे से पहले कप्तान बदलने पर उठाये सवाल

**लाहौर, यूटर्न/ 13 जुलाई।** पाकिस्तान क्रिकेट में विवाद बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौर से पहले एक बार फिर कप्तान बदलने पर पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने सवाल उठाये हैं। राजा ने कहा कि ये गलत कदम है, जिस प्रकार से शान मसूद को हटाकर बाबर आजम को कप्तानी सौंपी गयी है उससे कोई लाभ नहीं होगा। पूर्व में पीसीबी प्रमुख रहे रमीज के अनुसार खराब प्रदर्शन पर केवल कप्तान को बदलने से कुछ नहीं होने वाला। रमीज कहा कि जब किसी कप्तान को लगातार साधारण खिलाड़ियों का समूह दिया जाता है, तो आप बेहतर परिणाम किया प्रकार से मिल सकते हैं। साथ ही पूछा है कि अगर टेस्ट टीम का स्तर अच्छा नहीं है, तो केवल कप्तान क्या कर सकता है?

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नेपाल में सड़कों पर उतरकर जेन-जी कर रहे शाह के फैसले का विरोध

### बालेन शाह के खिलाफ हो गए नेपाल के जेन-जी

» **काठमांडू, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

नेपाल में जेन-जी प्रोटेस्ट के माध्यम से सत्ता में आए प्रधानमंत्री बालेन शाह को अब उन्हीं युवाओं के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने उन्हें शीर्ष पद तक पहुंचाया था। भूमिहीन झुग्गीवासियों के लिए वैकल्पिक पुनर्वास की व्यवस्था किए बिना उन्हें हटाने के सरकार के फैसले के विरोध में रविवार को सैकड़ों लोगों ने काठमांडू में सिंहदरबार सचिवालय के सामने स्थित मैतीघर मंडला में प्रदर्शन किया। संयुक्त राष्ट्रीय भूमिहीन मोर्चा के आ'ान पर हुए इस प्रदर्शन में प्रदर्शनकारी गरीबों पर अत्याचार बंद करो, मानवाधिकारों का सम्मान करो, अवैध गिरफ्तारियां बंद करो और भूमिहीन झुग्गीवासियों को आश्रय दो जैसे नारे लिखी तख्तियां हाथों में लिए हुए थे। यह स्थिति एक तीखा विरोधाभास प्रस्तुत करती है, क्योंकि बालेन शाह ने युवाओं के समर्थन और भ्रष्टाचार विरोधी लहर पर सवार होकर सत्ता हासिल की थी।




हाल ही में, काठमांडू के कीर्तिपुर स्थित सरकार के एक अस्थायी आवास केंद्र में शुक्रवार रात बाढ़ का पानी भर गया, जिसके बाद करीब 150 भूमिहीन झुग्गीवासियों को सुरक्षाबलों की मदद से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इस घटना की जानकारी लेने के लिए जेन-जी से जुड़े युवा कार्यकर्ता शनिवार को वहां पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### एआई के लिए ऊर्जा सबसे बड़ी चुनौती: सीईओ लैरी फिंक

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 13 जुलाई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास के लिए अब सबसे बड़ी बाधा एडवांस्ड कंप्यूटर चिप्स नहीं, बल्कि बिजली की उपलब्धता है। यह कहना है ब्लैकरॉक के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी लैरी फिंक का। चेयरमैन ने चेतावनी दी कि अमेरिका को अपने पुराने हो चुके पावर ग्रिड को तत्काल आधुनिक बनाना होगा, अन्यथा तकनीकी इनोवेशन की अगली लहर धीमी पड़ सकती है और देश को भारी नुकसान हो सकता है। एक इंटरव्यू में लैरी फिंक ने विस्तार से बताया कि एआई का तेजी से हो रहा विस्तार कंप्यूटिंग पावर की जबरदस्त मांग पैदा कर रहा है, जिससे अमेरिका के बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर की कमजोरियां खुलकर सामने आ रही हैं। फिंक ने साफ शब्दों में कहा, अमेरिका में हमारे पास पर्याप्त बिजली नहीं है।

### 17 लाख टन यूरेनियम का विशाल भंडार फिर भी नहीं बनाया परमाणु हथियार

**सिडनी, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** पीएम मोदी बीते दिन ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थे, जहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम डील पर हस्ताक्षर हुए, जो कि दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों में अहम साबित हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साल 2014 में हुआ यूरेनियम समझौता दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों में एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ था। ऑस्ट्रेलिया लंबे वक्त तक भारत को यूरेनियम देने से इनकार करता रहा, लेकिन इस समझौते ने राह खोल दी है। दुनिया के कुल यूरेनियम का करीब 30 फीसदी हिस्सा अकेले ऑस्ट्रेलिया के पास सुरक्षित है, ऐसे में सवाल है कि आखिर ऑस्ट्रेलिया ने आज तक अपना खुद का कोई परमाणु बम क्यों नहीं बनाया?



## पब में लगी आग: जान बचाने टॉयलेट में छिपे वहीं पिघल गए, 27 की मौत

**बैंकॉक, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक पब में रविवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 63 अन्य घायल हो गए। घायलों में से 22 की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा बैंकॉक के चाटुचाक डिस्ट्रिक्ट में स्थित रॉन्ग बीयर ना लाट प्राओ बार में रात करीब 11 बजकर 57 मिनट पर हुआ। हादसे के बाद तुरंत हरकत में आए दमकल कर्मियों ने आधे घंटे में ही आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में पब के मुख्य दरवाजे से आग की लपटें निकलती दिख रही हैं और लोग जान बचाने के लिए अफरा-तफरी में भागते नजर आ रहे हैं, जबकि आसमान में काले धुएं का गुबार उठ रहा था। घटनास्थल पर पहुंचे थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने संवाददाताओं को बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उस संगीतकार से बात की थी जो आग लगने के समय परफॉर्म कर रहा था। संगीतकार ने बताया कि आग आउट स्विच के पास लगी थी और उसके बाद घटनाक्रम तेजी से हुए, धमाके होने लगे और सभी लोग धुएं और लपटों से दूर भाग रहे थे। प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि कई लोग इसलिए भी नहीं बच पाए, क्योंकि वे बाहर नहीं निकल पाए। इसकी वजह थी कि वे बिल्डिंग के पीछे चले गए थे और धुएं और लपटों से बचने के लिए टॉयलेट में छिपने की कोशिश कर रहे थे, और वहीं हमें सबसे ज्यादा शव मिले हैं। यह मंजर बेहद डरावना और दिल दहला देने वाला था, जहां लोग मौत से बचने के लिए आखिरी कोशिश में थे।

## भारतीय क्रू वाले जहाज पर हमले के बाद, यूएस ने ईरान पर बरसाए बम

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 13 जुलाई ।** रविवार को एक भारतीय क्रू वाले जहाज पर ईरानी हमले के बाद अमेरिका ने खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। अमेरिका ने ईरान पर 24 घंटे के भीतर दूसरी बार बम बरसाए हैं, जिससे क्षेत्र में युद्धविराम का खतरा मंडरा रहा है और पश्चिमी एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने जानकारी दी है कि ईरान होर्मुज में जहाजों पर हमले कर रहा है, जिसके जवाब में अमेरिका ने सोमवार तड़के फिर से बमबारी की ताकि उसकी क्षमताओं को कमजोर किया जा सके। यह कार्रवाई उस कंटेनर जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के हमले के जवाब में की गई है, जिसमें भारतीय क्रू सदस्य भी मौजूद थे। रविवार को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज से गुजर रहे साइप्रस के झंडे वाले जीएफएस गैलेक्सी पर हमला किया था, जिससे जहाज में आग लग गई थी। इस जहाज में कम से कम 11 भारतीय क्रू मेंबर थे, जिनका अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# कांगो में इबोला का प्रकोप बढ़ा: पांच प्रांतों के 1,873 संक्रमित, 672 की मौत

» **किंशासा, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। देश के पांच प्रांतों में अब तक संक्रमण के 1,873 मामले सामने आए हैं, जबकि 672 लोगों की मौत हो चुकी है। यह जानकारी देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक रिपोर्ट के हवाले से दी।

सिंहुआ ने बताया कि रविवार को जारी रिपोर्ट में शुक्रवार तक के आंकड़े शामिल हैं। इसके अनुसार इटुरी, नॉर्थ किवू, साउथ किवू, हाउत-उएले और शोपो (त्शोपो) प्रांत में इबोला का प्रकोप ज्यादा है। हाउत-उएले और शोपो को पहली बार राष्ट्रीय स्थिति रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

जांच में सामने आया है कि इन दोनों प्रांतों में मिले संक्रमण के मामले इटुरी प्रांत में मौजूद प्रकोप के केंद्र से लोगों की आवाजाही और संपर्क के जरिए जुड़े हुए हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में 763 मरीज आइसोलेशन में हैं या अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। उपचार केंद्रों में बेड की कुल उपलब्ध क्षमता का 95.1 प्रतिशत हिस्सा भरा हुआ है। अब तक 306 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 299 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 91 लोगों की मौत हुई है। बुंडिबुग्यो इबोला वायरस से फैले इस प्रकोप की आधिकारिक घोषणा 15 मई को की गई थी। इससे पहले शनिवार को अफ्रीका सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (अफ्रीका सीडीसी) ने बताया कि डीआरसी में इबोला नियंत्रण अभियान में सहयोग कर रहे एक अमेरिकी मानवीय सहायता कर्मी के संक्रमित पाए जाने से स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है। अफ्रीका सीडीसी ने बयान में कहा कि स्वास्थ्यकर्मी, मानवीय सहायता कर्मी, स्वयंसेवक और अन्य परिचालन कर्मचारी बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। वे संक्रमितों की पहचान, मरीजों के उपचार और प्रभावित समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित कर संक्रमण की श्रृंखला को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। संस्था ने बताया कि अमेरिकी सहायता कर्मी के संक्रमित होने के मामले में महामारी विज्ञान संबंधी जांच, संपर्कों की पहचान (कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग) और संक्रमण जोखिम का आकलन शुरू कर दिया गया है। हालांकि, संक्रमण कैसे हुआ, इसकी जांच अभी जारी है। अफ्रीकी संघ की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, डीआरसी में अब तक बुंडिबुग्यो इबोला वायरस से कम से कम 112 स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित हो चुके हैं, जबकि 35 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हो चुकी है।

## मोजतबा खामेनेई अगले हफ्ते आएंगे सार्वजनिक रूप से सामने

» **तेहरान, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

ईरान में पिछले कुछ महीनों से चल रही राजनीतिक और सैन्य उथल-पुथल के बीच एक महत्वपूर्ण घोषणा सामने आई है। ईरान सरकार ने आधिकारिक तौर पर बताया है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अगले हफ्ते सार्वजनिक रूप से सबके सामने आएंगे। वे तेहरान में अपने दिवंगत पिता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए एक भव्य स्मारक और शोक सभा का आयोजन करने वाले हैं। हालांकि, इस घोषणा के बाद भी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि मोजतबा खामेनेई खुद व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे या नहीं। यह खबर दुनिया भर की मीडिया का ध्यान खींच रही है, क्योंकि जब से मोजतबा खामेनेई ने अपने पिता की मृत्यु के बाद ईरान के सर्वोच्च पद की कमान संभाली है, तब से वे एक बार भी सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, दिवंगत ईरानी नेता के लिए यह शोक सभा 23 जुलाई को शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित की जाएगी। निमंत्रण पत्र में दिवंगत नेता को शहीद



मुजाहिद इमाम कहकर संबोधित किया गया है। मोजतबा की सार्वजनिक अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े किए हैं, खासकर इसलिए कि वे पिछले हफ्ते तेहरान के विशाल इमाम खुमैनी ग्रैंड मोसल्ला में आयोजित देश की सबसे बड़ी शोक सभाओं में से एक में भी मौजूद नहीं थे। उस समय सरकारी टेलीविजन पर अली खामेनेई के तीन बेटों झ्र मुस्तफा, मीसम और मसूद खामेनेई झ्र को जनाजे की नमाज का नेतृत्व करते और ताबूतों के पास खड़े देखा गया था, जिनमें अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ-साथ उनकी बेटी, दामाद, बहू और मात्र 14 महीने की पोती के ताबूत भी शामिल थे।

## दम है तो यूनिफॉर्म उतारकर चुनाव लड़े मुनीर: मौलाना रहमान

### बलूचिस्तान का बड़ा हिस्सा इस्लामाबाद सरकार के नियंत्रण से बाहर

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 13 जुलाई ।**

पाकिस्तान में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फज्ल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर उन्हें राजनीति करने का इतना ही शौक है तो अपना सेना का यूनिफॉर्म उतार दें और चुनाव लड़ लें। रहमान ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि बलूचिस्तान का एक बड़ा हिस्सा अब इस्लामाबाद सरकार के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार यहां हिंसा रोकने में विफल रही है और सेना ने जो कुछ भी किया है, उसने पीढ़ियों की दुश्मनी पैदा करने का काम किया है। फजलुर रहमान ने पाकिस्तान की सेना को संवैधानिक सीमाओं में रहने की सलाह देते हुए कहा कि बलोच इलाकों में विद्रोही सक्रिय हैं और पूरा बलोच इलाका



पाकिस्तान के नियंत्रण से बाहर हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस्लामाबाद की सरकार का अब यहां कोई नियंत्रण नहीं है। रहमान ने खैबर पख्तूनख्वा में भी ऐसी ही स्थिति का जिक्र किया, जहां उन्होंने बताया कि पश्तून का इलाका खून में डूबा हुआ है और दो से तीन दिन में ही यहां 50 शव पाए गए हैं।

उन्होंने सेना की रणनीति की आलोचना करते हुए कहा कि यह आम नागरिकों को भड़का रही है, जिससे आने वाले समय में पीढ़ियों वाली दुश्मनी पैदा हो जाएगी और स्थिति कभी नहीं सुधरेगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *